पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, रविवार 26 दिसंबर 2021



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर श्रद्धांजलि देते हुए सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर सीएम ने श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी विश्व के महानतम राजनेताओं में से थे, उनके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि था। वे अपनी दूरगामी सोच के लिए भी जाने जाते थे। उत्तराखंड राज्य के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रक्तदान शिविर में 112 लोगों ने किया रक्तदान

**संवाददाता**

देहरादून/बालावाला। संत निरंकारी मिशन द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी सत्संग भवन बालावाला देहरादून जॉन मसूरी पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि मिशन के मुख्य उद्देश्य अध्यात्मिक जागरूकता के साथ साथ समाज के प्रति अपना दायित्व निभाने एवं मानव कल्याण के लिए भी देश दुनिया में लगातार कार्य किया जाता रहा है। इसी के दृष्टिगत रक्तदान शिविरों का भी लगातार आयोजन किया जाता है।

### डेसिफर लैब्स लिमिटेड का स्टॉक 150 प्रतिशत से अधिक का जबरदस्त रिटर्न

**संवाददाता** देहरादून। सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में सेवाएं और प्रमुख समाधान प्रदान करने में लगे बीएसई सूचिबद्ध डेसिफर लैब्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया है कि यह विस्तार लक्ष्यों की दिशा में आक्रामक रूप से काम कर रहा है और फार्मा एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में व्यवसायों के अधिग्रहण के विकल्पों सहित कंपनी के कारोबार के विस्तार के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है।

### रेवफिन ने उत्तराखंड में किया अपना विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। वर्ष 2030 तक भारत के ईवी फाइनेंसिंग मार्केट का आकार डॉलर 50 बिलियन तक होने का अनुमान है। इसे देखते हुए रेवफिन उत्तराखंड में अपनी छाप और मजबूत कर रहा है। गौरतलब है कि रेवफिन वित्तीय रूप से बहिष्कृत और अल्पसेवा प्राप्त सेगमेंटों का जोखिम अंकन करने वाला उन्नत डिजिटल उपभोक्ता ऋण प्लेटफॉर्म है। इस फिनटेक प्लेटफॉर्म का लक्ष्य ओईएम और विक्रेताओं के साथ साझेदारी में मार्च 2022 तक इस राज्य में इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर के वित्तीयन में 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेसदारी हासिल करना है।

# विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य

**घोषणा**

■ सीएम ने 56 करोड़, 54 लाख, 93 हजार की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जनपद चमोली के विकासखंड नन्दानगर (घाट) में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने 56 करोड़, 54 लाख, 93 हजार की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए जनपद चमोली के जोशीमठ का पौराणिक नाम ज्योर्तिमठ करने की घोषणा भी की।

इस दौरान कबीना मंत्री सतपाल महाराज, सांसद एवं पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, बद्रीनाथ विधायक महेन्द्र प्रसाद भट्ट, थराली विधायक मुन्नी देवी शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, सहकारी बैंक अध्यक्ष गजेंद्र रावत आदि मौजूद रहे। सीएम के नन्दानगर पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह और शाल भेंट किया। साथ ही घाट ब्लाक का नाम नन्दानगर रखने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

मुख्यमत्री ने सर्वप्रथम मां भगवती नन्दा राजेश्वरी के सिद्धपीठ कुरूड़ की पावन भूमि को नमन करते हुए जनसभा को संबोधित किया। कहा कि विशाल संख्या में हमें आशीर्वाद देने के लिए पहुंची देवतुल्य जनता का मैं अभिनन्दन करता हूँ और सभी जन प्रतिनिधियों और महानुभावों का हार्दिक स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि आज का दिन श्रद्धेय जननायक, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती भी है। भारत के मानचित्र में अलग राज्य के तौर पर उत्तराखंड का गठन करने वाले अटल जी को देवभूमि का शत-शत प्रणाम करता हूँ। आप सभी का उत्साह स्पष्ट रूप से बता रहा है कि उत्तराखण्ड की जनता हमारे साथ एकजुट है। हमारे युवाओं और बुजुर्गों के चेहरे पर जो मुस्कान और माताओं-बहनों के चेहरे पर जो आत्मसम्मान है वो ये सुनिश्चित करता है कि आपका मुख्य सेवक आपके हित में कार्य कर रहा है। मेरा निरंतर प्रयास है कि मैं आप लोगों के जीवन को जितना हो सके उतना सुगम बनाऊं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सेवक के रूप में मैं निरंतर ऐसे फैसले ले रहा हूं जो सीधे जनता से जुड़े हैं और जिनमें जनसरोकार सर्वोपरि है। ये आपकी अपनी सरकार है जिसका एकमात्र ध्येय आपकी प्रगति, आपका विकास है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। हम पहाड़ में रेल का सपना देखते थे। मोदी जी ने इस सपने को साकार किया है। एक ओर जहॉ ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर कार्य तेजी से चल रहा है, वहीं सामरिक एवं भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को भी मंजूरी मिल चुकी है। इसी तरह चार धाम ऑल वेदर रोड, भारत माला प्रोजेक्ट पर भी तीव्र गति से काम किया जा रहा है। चार धाम यात्रा उत्तराखण्ड के लिए लाइफ लाईन है और ये परियोजनाएं जहां चारधाम यात्रा को सुगम बनाएंगी, पर्यटन को बढ़ावा देगी वहीं हमारी अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन भी लाएगी। कुमाऊं क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए एम्स के सेटेलाइट सेंटर को खोलने के लिए प्रधानमंत्री ने स्वीकृति दी।

### हमारी सरकार ने तेजी से क्षेत्र का विकास कियाः पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत

सांसद एवं पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत ने कहा कि हमारी सरकार ने तेजी से क्षेत्र का विकास किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार चारधामो को सड़क और रेल लाइन से जोड़ने का काम कर रही है। आज देश और प्रदेश का विकास कुशल नेतृत्व से तेजी से आगे बढ़ रहा है। कबीना मंत्री सतपाल महाराज ने कहा के हम सब प्रदेश के विकास के लिए संकल्पबद्ध हैं और इसी संकल्प के साथ हमारी सरकार रात दिन विकास कार्य में जुटे है।

## शासन के आदेशों का मातहत अधिकारी 2-2 साल तक नहीं देते जवाब

**आरोप**

■ राजभवन/शासन के आदेश हो रहे बौने साबित, कैसे मिलेगा जनता को न्यायः मोर्चा

**संवाददाता**



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि उनके शिकायती पत्र/मांग पत्रों पर कार्रवाई तो दूर, विभागों में पत्र ढूंढे नहीं मिलते।

कई बार व्यक्तिगत प्रयास से एवं खोजबीन करने के बाद पत्र मिलता है, तो तब जाकर कहीं कार्रवाई शुरू होती है।

नेगी ने कहा कि शासन के अधिकारियों में राजभवन का खौफ लगभग समाप्त हो चुका है, जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राजभवन द्वारा शासन को संदर्भित पत्र पटल पर पड़े-पड़े दम तोड़ रहे हैं तथा जब पीड़ित पक्ष अपने पत्रों की व्यक्तिगत रूप से खोजबीन करता है तब जाकर पत्रावली मूवमेंट करती है।

कमोवेश यही हाल विभागीय अधिकारियों का है, जो शासन के पत्रों पर कार्रवाई तो दूर, उनको खोजने की जहमत तक नहीं उठाते। कई मामलों में विभागीय अधिकारी 2- 2 साल बीत जाने पर भी आख्या तक उपलब्ध नहीं कराते। कई बार शासन इतना लाचार हो जाता है कि अनुस्मारक पर अनुस्मारक भेजने के बाद भी जवाब नहीं मिलता।

नेगी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर ऐसा ही होता रहा तो जनता को न्याय कैसे मिलेगा। पत्रकार वार्ता में विजय राम शर्मा, भीम सिंह बिष्ट व प्रवीण शर्मा पिन्नी मौजूद थे।

### अटल जी के नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते देखाः अग्रवाल

**संवाददाता** ऋषिकेश। अटल देश के ऐसे नेता थे जो करोड़ों-करोड़ लोगों के आदर्श व प्रेरणा स्रोत रहे। उनके क्रांतिकारी विचारों को आत्मसात कर उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश के नव निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान देने के लिए हम सभी को संकल्पित होना होगा। उक्त बात आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। विधानसभा अध्यक्ष के बैराज स्थित कैंप कार्यालय में सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं द्वारा अटलजी को स्मरण करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपनी राष्ट्रवादी सोच, बेदाग छवि और राष्ट्र समर्पित जीवन से भारतीय राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।